# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

## 14/08/2023

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Dainik Jagran, Prayagraj, (UP)**

सिविल लाइंस में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्रा निकालते आरएएफ के जवान • जागरण

# रैली में आरएएफ ने गाई वीरों की शौर्य गाथा

जासं, प्रयागराज : आजादी के अमृत महोत्सव के तहत शनिवार को 101 वाहिनी आरएएफ ने सेठ गयादीन इंटर कालेज मैलहा बहरिया में युवा संवाद : भारत 2047 का आयोजन किया। सहायक कमांडेंट संजीव कुमार और सुमन पाल के नेतृत्व में यह आयोजन हुआ। इसमें नेहरू युवा केंद्र का भी सहयोग रहा।

स्कूल के छात्र-छात्राओं ने इसमें पंच प्रण पर परिचर्चा की। इस दौरान 101 आरएएफ के अलावा आइटीबीपी, एयर फोर्स, सेना के वीरों का नमन और स्वागत किया गया। जिला युवा अधिकारी जागृति पांडेय और स्कूल के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मौर्य ने आरएएफ जवानों के साथ पौधरोपण किया। बहरिया में हुए इस कार्यक्रम के अलावा मेरी माटी मेरा देश अभियान को गति देते हुए 101 वाहिनी आरएएफ ने सिविल लाइंस में पत्थर गिरजाघर से हनुमान मंदिर तक वाकाथन (पैदल यात्रा) निकाली। जवानों ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत "मिट्टी को नमन वीरों का वंदन" का संदेश दिया। साथ चल रहे नागरिकों को तिरंगा वितरित किया। कमांडेंट मनोज कुमार गौतम ने कहाकि यह राष्ट्रीय अभियान है, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत के उन वीर-वीरांगनाओं के बलिदानी बेटे एवं बेटियों को श्रद्धांजलि अर्पित करना है जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपनी अहम भूमिका निभाई।

**Prabhat Khabar, Jamshedpur, (JKD)**

फोटो : प्रभात खबर

# आरएएफ परिवार की महिलाओं ने निकाली पदयात्रा

आरसीडब्ल्यूए रैफ 106 की अध्यक्ष बबिता सिंह के नेतृत्व में रैफ परिवार की महिलाओं ने तिरंगा झंडा के साथ पदयात्रा निकाली. यात्रा सुंदरनगर चौक तक आयी. इसमें देश के प्राण न्योछावर करनेवालों को श्रद्धांजलि दी गयी. बताया जाता है कि नौ अगस्त 2023 को भारत सरकार द्वारा शुरू किये गये 'मेरी माटी मेरा देश' एवं 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत सुंदरनगर स्थित रैफ 106 बटालियन की ओर से अलग-अलग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है.

Shubham Sandesh, Jamshedpur, (JKD)

# मेरी माटी, मेरा देश...

9 अगस्त को केंद्र सरकार द्वारा शुरू किये गए मेरी माटी, मेरा देश...हर घर तिरंगा अभियान के शनिवार को देश के कई राज्यों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. जमशेदपुर में सुन्दरनगर स्थित द्रुत कार्य बल (रैफ) की 106वीं बटालियन के जवानों ने साइकिल रैली निकाली. रैली निकाल कर देश की एकता -अखंडता के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीरों को श्रद्धांजलि दी गई.

-संबंधित खबर पेज पांच पर

**Dainik Jagran, Prayagraj, (UP)**

मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत आरएएफ जवानों ने शनिवार को पत्थर गिरजाघर से तिरंगा यात्रा निकाली। • हिन्दुस्तान

# आरएएफ ने निकाली पदयात्रा

प्रयागराज। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत शनिवार शाम को पत्थर गिरजाघर से हनुमान मंदिर तक आरएएफ जवानों ने यात्रा निकाली। इस दौरान जवानों ने लोगों को तिरंगा वितरित किया। यात्रा में कमांडेंट मनोज गौतम आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में विश्व युवा दिवस पर सहायक कमांडेंट संजीव कुमार और सुमन पाल के नेतृत्व में सेठ गयादीन इंटरमीडिएट कॉलेज मेलहा, बहरिया में युवा संवाद का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मौर्य ने सभी जवानों के साथ पौधरोपण किया।

**सीआरपीएफ के सेवानिवृत्त अधिकारियों ने निकाली रैली** : सीआरपीएफ के सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की रैली का आयोजन प्रभाकर त्रिपाठी, डीआईजी ग्रुप सेंटर की अगुवाई में शनिवार को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आजाद पार्क में किया गया। कार्यक्रम में सीपी सिंह आईजी (सेवानिवृत्त), जयंत पॉल डीआईजी (सेवानिवृत्त), उमेश बाबू मिश्रा, कमांडेंट (सेवानिवृत्त) आदि शामिल रहे।

Dainik Lokmitra, Prayagraj, (UP)

# आरएएफ के जवानों ने शहीद के परिजनों को उपहार देकर किया सम्मानित

फाफामऊ। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत बुधवार को आरएएफ के तत्वावधान में अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार चलाकर शहीद के परिजनों को उपहार देकर सम्मानित किया।आरएएफ 101 बटालियन के कर्मियों इन दिनों अपने आस-पास के क्षेत्रों में विभिन्न पंचायतों में अवस्थित गोद लिए गये गाँवों में भ्रमण कर मेरी माटी मेरा देश अभियान का प्रचार-प्रसार कर रही है। इसी संदर्भ में 101 आरएएफ की टीम सहायक कमांडेंट संजीव कुमार के नेतृत्व में नीबी गांव के शहीद सिपाही राजेश कुमार और सहायक कमांडेंट सुमन पाल के नेतृत्व में लोनाखका होलगढ़ शहीद वरुण कुमार तिवारी, के परिजनों से मिले, उन्हें सन्त्वना दी व उपहार एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर वाहिनी के कमांडेण्ट मनोज कुमार गौतम ने कहा कि इस प्रकार के अभियान से राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा होती है और भावी पीढ़ियों को भारत की पोषित विरासत की रक्षा के लिए प्रेरित करती है।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।